दिन— शनिवार                                                    दिनांक— 19 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।                                        अवधिः— 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे अधिक खपत का ही देना होगा बिल।

02. प्रदेश में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक लगभग पंचानवे प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा किये गये।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने जमुई के जिला मत्स्य पदाधिकारी राजीव कुमार और जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अभय कुमार को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में पहली इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट आज से। देशभर के चार सौ से अधिक एथलीट हो रहे हैं शामिल।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली देने की स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को यह राहत मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह फैसला किया है।

———बाईट———

संवाददाता सम्मेलन में ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यह फैसला जुलाई महीने से प्रभावी होगा और उपभोक्ताओं के अगस्त महीने के बिल में इसका लाभ मिलेगा। सचिव ने बताया कि योजना के लिए राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए तीन हजार सात सौ संतानवे करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

———बाईट———

श्री सिंह ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए एक नई नीति को भी मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को एक किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सहायता दी जाएगी। कुटीर ज्योति योजना के लाभार्थियों के लिए, सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की पूरी लागत राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले तीन वर्षों में दस हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

---

राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में पाईपलाईन के जरिये प्राकृतिक गैस यानि पीएनजी की आपूर्ति की जायेगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि योजना के तहत तीस लाख से अधिक पीएनजी घरेलू कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेशभर में छह सौ पचास पीएनजी स्टेशन का निर्माण कराया जायेगा।

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक चौरानवे दशमलव छह–आठ प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सात करोड़ अड़तालीस लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए जा चुके हैं। आयोग ने कहा कि अब केवल पांच दशमलव दो प्रतिशत मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। आयोग के अनुसार अब तक एक दशमलव छह–एक प्रतिशत मतदाता मृत पाए गए हैं। दो दशमलव तीन प्रतिशत मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और चार दशमलव छह–सात प्रतिशत मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए।

---

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने याचिकाकर्ता और उनके अधिवक्ता को तथ्यों से परे ऐसी जनहित याचिका दाखिल करने के प्रति भी आगाह किया।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने जमुई के जिला मत्स्य पदाधिकारी राजीव कुमार और जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अभय कुमार को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दोनों पर मछली पालन योजना के अन्तर्गत मिली राशि के बदले घूस मांगने का आरोप है।

---

पटना में पहली इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट आज से शुरू हो रही है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, रवींद्रण शंकरन ने कहा है कि पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में देशभर के चार सौ से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं। एथलेटिक्स चौंपियनशिप में लंबी और मध्यम दूरी की दौड़, स्प्रिंट, रिले रेस, स्टीपलचेज, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, पोल वॉल्ट, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो, हैमर या जेवलिन थ्रो, डेकाथलॉन, हेप्टाथलॉन, मैराथन और हाफ मैराथन सहित विभिन्न स्पर्धाएं होंगी।

———बाईट———

एथलेटिक्स मीट का आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहयोग से कर रहा है।

---

गंगा, फल्गु, दरधा और कररूआ नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से पटना, गयाजी और जहानाबाद जिले के कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। पटना के धनरूआ से होकर गुजरने वाली दरधा नदी का तटबंध पांच जगह पर और कररूआ नदी का तटबंध दो जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे सांडा, देवदहा, हुलासचक, सोनमई बहरामपुर, वीर और छाती पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इधर, दनियावां के मसनदपुर टाल में जमींदारी बांध टूट गया है, इससे हजारों बीघा खेत जलमग्न हो गये हैं। गंगा नदी में उफान से पटना के दियारा इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। इधर, फल्गु नदी के जलस्तर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से जहानाबाद जिले के पचास से अधिक गांव प्रभावित हुये हैं। गयाजी में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। सोन नदी के जलस्तर में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी जा रही है। कल नदी में पांच दशमलव तीन नौ लाख क्यूसेक पानी का बहाव रिकॉर्ड किया गया। यह पिछले आठ वर्षों में सबसे अधिक है। इधर, हमारे शिवहर संवादाता ने बताया है कि जिले में हुई मूसलाधार बारिश के कारण घाटकुसुम्भा प्रखंड से होकर गुजरने वाली हरोहर नदी में उफान आ गया है। जिले से होकर गुजारने वाली अन्य नदियों का भी जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

इस बीच, केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। हालांकि नदी के जलस्तर में स्थिरता की प्रवृति बनी हुई है। नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट और हाथीदह के साथ–साथ भागलपुर के कहलगांव में लगातार बढ़ रहा है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट और बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से नीचे आ गया है और इसके जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ, खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है।

---

मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में एक बार फिर बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज राज्य के पूर्वी और

उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है। वहीं, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

———————————————

डेंगू के प्रसार की आशंका को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को अलर्ट जारी किया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को डेंगू जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। मेडिकल कॉलेजों में डेंगू मरीजों के लिए तीस बेड और जिला अस्पतालों में पांच बेड आरक्षित रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को नगर निकायों के साथ तालमेल बनाकर डेंगू की रोकथाम के हर सम्भव उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————

प्रवर्तन निदेशालय के पटना क्षेत्रीय कार्यालय ने अन्तरराष्ट्रीय साईबर धोखाधड़ी के मामले में सागर यादव और अन्य अभियुक्तों की दो करोड़ तिरासी लाख रूपये से अधिक की चल–अचल सम्पत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है।

———————————————

पटना साईबर पुलिस ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर ठगी करने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों नवादा और नालंदा जिले के हैं।

———————————————

सासाराम की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन भाईयों– सुशील पासवान, सुरेश पासवान और श्रीभगवान पासवान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————

भागलपुर जिले के गौराडीह थाना क्षेत्र के उस्तु गांव के पास जोड़ी नदी में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————

मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रतनपुर गांव में करंट लगने से मां–बेटे की मौत हो गयी जबकि दो भाई गम्भीर रूप से झुलस गये।

———————————————

जमुई जिले के चन्द्रदीप थाना क्षेत्र के नाटा पुल के पास से पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी मंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है।

———————————————

नवादा जिले के खरौंद रेलवे बेस कैम्प पर हमले के आरोपी एक नक्सली को एसटीएफ की टीम ने गयाजी से गिरफ्तार कर लिया है।

---

पश्चिम चम्पारण के बगहा में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव करने के आरोप में पुलिस ने दो बच्चों समेत चार किशोरों को हिरासत में लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मतिहारी दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– हमें विकसित बिहार बनाना है, मोतिहारी को मुम्बई, गयाजी को गुरूग्राम और पटना को पुणे जैसा बनायेंगे।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पीएम ने चुनाव का शंखनाद किया। चार अमृत भारत को हरी झंडी दिखाई।

प्रभात खबर लिखता है– एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली मुफ्त, इससे अधिक खपत का ही देना होगा बिल।

दैनिक जागरण ने लिखा है– गैंगस्टर चंदन की हत्या में संलिप्त छह आरोपित बंगाल से दबोचे गये।

आज अखबार की सुर्खी है– लैंड फॉर जॉब केस में लालू प्रसाद को नहीं मिली राहत।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले टीआरएफ को अमेरिका ने आतंकी संगठन घोषित किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य मंत्रिमंडल ने घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे अधिक खपत का ही देना होगा बिल।

02. प्रदेश में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक लगभग पंचानवे प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा किये गये।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने जमुई के जिला मत्स्य पदाधिकारी राजीव कुमार और जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अभय कुमार को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में पहली इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट आज से। देशभर के चार सौ से अधिक एथलीट हो रहे हैं शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।